गुरुग्राम
शुक्रवार
24 मार्च, 2023
वर्ष 11, अंक 81
पृष्ठ 08
मूल्य ₹1.00

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
ह्यूमन इंडिया
हम बनेंगे आपकी आवाज



Website : www.epaperhumanindia.in ; E-mail : humanindiadaily@gmail.com  डीपीजी आईटीएम इंजीनियरिंग कॉलेज में वार्षिक खेल-प्रतियोगिता का आगाज

# एकीकृत एवं अच्छी शिक्षा से ही विद्यार्थिओं का समग्र विकास संभव : डॉ. कृष्ण कांत

ह्यूमन इंडिया/ब्यूरो

**बल्लभगढ़।** वीरवार को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्रांगण में सात दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर (फॉर बॉयज) का शुभारंभ हुआ द्य यह शिविर आज से 29 मार्च 2023 तक चलेगा द्य शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.कृष्ण कांत गुप्ता जी ने शिविर में भाग लेने वाले स्वयंसेवकों का स्वागत किया व शुभाशीष दिया द्य प्राचार्य जी ने आज शहीद दिवस के अवसर पर देश के ऊपर प्राण न्यौछावर कर देने वाले वीर सपूतों भगत सिंह ,राजगुरु और सुखदेव को पुष्पांजलि अर्पित की द्य प्राचार्य जी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी महान विभूतियों के चित्र हमें हमारी सोच व समझ को परिवर्तित करने के लिए हौसला प्रदान करती हैं और स्वयंसेवकों से अपेक्षा की कि वे इन सात दिनों में अपने अंदर एक महान परिवर्तन लेकर आएंगे जो उनके जीवन को संवारने में मदद करेगा द्य प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के



मोटो मैं नहीं बल्कि आप के बजाय मैं नहीं बल्कि हम की सोच को विकसित करने के लिए स्वयंसेवकों को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के मन में कभी भी नकारात्मकता नहीं आनी चाहिए और उन्हें समग्र विकास के लिए सदैव अग्रसर रहना चाहिए द्य छात्र जीवन में अनुशासन को सफलता व राष्ट्रीय सेवा योजना के मोटो को प्राप्त करने का मूल मंत्र बताया, प्राचार्य जी ने विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर (फॉर बॉयज)की जिम्मेदारी सौंपने के लिए राज्य राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय, पंचकूला व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का विशेष आभार प्रकट किया।

शिविर के समग्र प्रभारी डॉ. अशोक कुमार निराला जी ने भी स्वागत भाषण में स्वयंसेवकों को दूसरों के लिए जीने के लिए प्रेरित किया द्य स्वागत समारोह में मंच संचालन का कुशल कार्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ० सुप्रिया ढांडा जी ने किया द्य गौरतलब है कि शिविर में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सम्बद्ध 10 महाविद्यालयों की 14 इकाईयों के 133 स्वयंसेवक व कार्यक्रम अधिकारी हिस्सा ले रहे हैं द्य श्री सुभाष कैलोरिया जी ने मुख्य अतिथि व विभिन्न महाविद्यालयों से आए स्वयंसेवकों व कार्यक्रम अधिकारियों का धन्यवाद किया द्य समग्र कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार जी ने बताया कि इन सात दिनों में हम पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, नैतिक मूल्य, सड़क सुरक्षा,नशा मुक्ति जैसे संवेदनशील विषयों पर पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व रैलियों के माध्यम से स्वयंसेवकों व समाज को जागरूक करने का काम करेंगे द्य प्राचार्य जी ने शिविर के सफलता के लिए महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों को शुभकामनाएं दी द्य राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दुर्गेश शर्मा जी ने प्रेरणा भाषण दिया द्य इस अवसर पर महाविद्यालय की दोनों कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शोभना गोयल, डॉ० सुप्रिया ढांडा, डिप्टी सुप्रीटेंडेंट मनमोहन सिंगला, शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह व श्री लवकेश जी मौजूद रहे।